वररुचिप्राकृतप्रकाश
(भाग - 1)

डॉ. कमलचन्द सोगाणी
श्रीमती सीमा ढींगरा

अपभ्रंश साहित्य अकादमी
जैनविद्या संस्थान
दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी
राजस्थान

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

वररुचिप्राकृतप्रकाश

(संज्ञा व सर्वनाम सूत्र विश्लेषण)

(भाग - 1)

डॉ. कमलचन्द सोगाणी
(निदेशक)
श्रीमती सीमा ढींगरा
(सहायक निदेशक)
अपभ्रंश साहित्य अकादमी
जयपुर

प्रकाशक
अपभ्रंश साहित्य अकादमी
जैनविद्या संस्थान
दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी
राजस्थान

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

• प्रकाशक

अपभ्रंश साहित्य अकादमी,
जैनविद्या संस्थान,
दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी,
श्रीमहावीरजी - 322 220 (राजस्थान)

• प्राप्ति-स्थान

1. **जैनविद्या संस्थान, श्री महावीरजी**
2. **अपभ्रंश साहित्य अकादमी,**
   दिगम्बर जैन नसियां भट्टारकजी,
   सवाई रामसिंह रोड,
   जयपुर - 302 004

• प्रथम बार, 2010

• मूल्य 150/- रुपये

• पृष्ठ संयोजन
श्याम अग्रवाल,
ए - 336, मालवीय नगर,
जयपुर, 9887223674

• मुद्रक
जयपुर प्रिण्टर्स प्रा. लि.,
एम. आई. रोड, जयपुर - 302 001

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अनुक्रमणिका

पाठ संख्या	विषय	पृष्ठ संख्या
	प्रकाशकीय	
1.	सूत्र-विवेचन	1–48
	संज्ञा-प्रकरण	9
	सर्वनाम-प्रकरण	27
	शौरसेनी प्राकृत सम्बन्धी सूत्र	47
2.	संज्ञा-शब्दरूप	49–58
	पुल्लिंग शब्द - देव, हरि, गामणी, साहु, सयंभू	50
	नपुंसकलिंग शब्द - कमल, वारि, महु	52
	स्त्रीलिंग शब्द - कहा, मइ, लच्छी, धेणु, बहू	54
	अतिरिक्त रूप - पिअर, पिउ, राअ, अप्प, अप्पाण	56
3.	सर्वनाम-शब्दरूप	59–72
	पुल्लिंग शब्द - सव्व, त, ज, क, एत, इम, अमु	59
	नपुंसकलिंग शब्द - सव्व, त, ज, क, एत, इम, अमु	63
	स्त्रीलिंग शब्द - सव्वा, ता, ती, जा, जी, का, की, एता, इमा, अमु	66
	तीनों लिंगों में - अम्ह	71
	तीनों लिंगों में - तुम्ह	72

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ संख्या	विषय	पृष्ठ संख्या
	परिशिष्ट -1 प्राकृतप्रकाश की टीकाएँ	73
	परिशिष्ट -2 सूत्रों में प्रयुक्त सन्धि-नियम	75
	परिशिष्ट -3 सूत्रों का व्याकरणिक विश्लेषण	78
	सहायक पुस्तकें एवं कोश	118

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशकीय

'वररुचिप्राकृतप्रकाश' प्राकृत अध्ययनार्थियों के हाथों में समर्पित करते हुए हमें हर्ष का अनुभव हो रहा है।

प्राकृत भाषा जन साधारण की भाषा के रूप में प्राचीन समय से ही विकास को प्राप्त होती रही है। भगवान महावीर ने इसी जन-भाषा 'प्राकृत' को अपने उपदेशों का माध्यम बनाया। जन सामान्य की यही भाषा कुछ समय बाद साहित्यिक भाषा के रूप में हमारे सामने आई। प्राकृत भाषा ही अपभ्रंश के रूप में विकसित होती हुई हिन्दी एवं प्रादेशिक भाषाओं का स्रोत बनी।

आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं के अध्ययन में प्राकृत का अध्ययन आवश्यक है। प्राकृत भाषा का सम्बन्ध भारतीय आर्यभाषा के सभी कालों से रहा है। प्राकृत के अध्ययन के बिना आधुनिक आर्यभाषाओं की चर्चा पूर्ण नहीं हो सकती। किसी भी भाषा को सीखने-समझने के लिए उसके व्याकरण का ज्ञान आवश्यक है।

भाषाज्ञान की दृष्टि से वररुचि का 'प्राकृतप्रकाश' बहुत ही महत्वपूर्ण ग्रन्थ है। ईसा की तृतीय-चतुर्थ शताब्दी में रचित इस ग्रन्थ का प्राकृत अध्ययन के क्षेत्र में विशिष्ट स्थान है। प्राकृत व्याकरण के उपलब्ध ग्रन्थों में वररुचि का 'प्राकृतप्रकाश' असन्दिग्ध रूप से प्राचीन है। इसमें प्राकृत व्याकरण के सूत्र संस्कृत भाषा में रचित हैं। प्राकृत के विविध नियमों का विस्तृत विवेचन होने के कारण इस ग्रन्थ का विद्वत् जगत में काफी प्रचार एवं प्रसार हुआ है। अपनी रचनाशैली की सहजता और व्यापकता के कारण यह ग्रन्थ अपने रचनाकाल से ही काफी लोकप्रिय रहा है। प्राकृत भाषा के अध्ययन के लिए इस ग्रन्थ का महत्व असंदिग्ध है। इसके महत्व और आवश्यकता को देखते हुए ही विभिन्न कालों में इसकी अनेक टीकाएँ लिखी गईं।

इसमें बारह परिच्छेद हैं। पाँचवें व छठे परिच्छेद में क्रमशः संज्ञा व सर्वनाम के सूत्र हैं। प्रस्तुत पुस्तक में प्राकृत व्याकरण के इन्हीं संज्ञा व सर्वनाम के सूत्रों

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

का विवेचन प्रस्तुत किया गया है। सूत्रों का विश्लेषण एक ऐसी शैली से किया गया है जिससे अध्ययनार्थी संस्कृत के अति सामान्य ज्ञान से ही सूत्रों को समझ सकेंगे।

दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी द्वारा संचालित 'जैनविद्या संस्थान' के अन्तर्गत 'अपभ्रंश साहित्य अकादमी' की स्थापना सन् 1988 में की गई। वर्तमान में इसके माध्यम से प्राकृत व अपभ्रंश का अध्यापन पत्राचार के माध्यम से किया जाता है। प्राकृत भाषा के सीखने-समझने को ध्यान में रखकर ही 'प्राकृत रचना सौरभ', 'प्राकृत अभ्यास सौरभ', 'प्रौढ प्राकृत रचना सौरभ', 'प्राकृत गद्य-पद्य सौरभ' आदि पुस्तकों का प्रकाशन किया जा चुका है। प्रस्तुत पुस्तक भी प्राकृत अध्ययनार्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी ऐसा हमारा विश्वास है।

पुस्तक-प्रकाशन के लिए अकादमी के विद्वानों विशेषतया श्रीमती सीमा ढींगरा के आभारी हैं जिन्होंने सूत्र-विश्लेषण के कार्य में अत्यन्त रुचिपूर्वक सहयोग दिया। पृष्ठ संयोजन के लिए श्री श्याम अग्रवाल एवं मुद्रण के लिए जयपुर प्रिन्टर्स धन्यवादार्ह हैं।

नरेशकुमार सेठी — **अध्यक्ष**

प्रकाशचन्द्र जैन — **मंत्री**

प्रबन्धकारिणी कमेटी

दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी

डॉ. कमलचन्द सोगाणी — **संयोजक**

जैनविद्या संस्थान समिति

माघशुक्ल पंचमी
आचार्य कुन्दकुन्द जन्मदिवस
वीर निर्वाण संवत् 2536
20. 01. 2010

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ - 1
संज्ञा, सर्वनाम, संख्यावाची शब्द-सूत्र-विवेचन

भूमिका

वररुचि ने तृतीय-चतुर्थ शताब्दी में प्राकृतप्रकाश की रचना की जो प्राकृत का सर्वाधिक लोकप्रिय व्याकरण ग्रंथ है। उन्होंने इसकी रचना संस्कृत भाषा के माध्यम से की। प्राकृत व्याकरण को समझाने के लिए संस्कृत-व्याकरण की पद्धति के अनुरूप संस्कृत भाषा में सूत्र लिखे गये। किन्तु सूत्रों का आधार संस्कृत भाषा होने के कारण यह नहीं समझा जाना चाहिए कि प्राकृत व्याकरण को समझने के लिए संस्कृत के विशिष्ट ज्ञान की आवश्यकता है। संस्कृत के बहुत ही सामान्यज्ञान से सूत्र समझे जा सकते हैं। हिन्दी, अंग्रेजी आदि किसी भी भाषा का व्याकरणात्मक ज्ञान भी प्राकृत-व्याकरण को समझने में सहायक हो सकता है।

अगले पृष्ठों में हम प्राकृत-व्याकरण के संज्ञा, सर्वनाम, संख्यावाची शब्दों के सूत्रों का विवेचन प्रस्तुत कर रहे हैं। सूत्रों को समझने के लिए स्वरसन्धि, व्यंजनसन्धि तथा विसर्गसन्धि के सामान्य-ज्ञान की आवश्यकता है।* साथ ही संस्कृत-प्रत्यय-संकेतों का ज्ञान भी होना चाहिए तथा उनके विभिन्न विभक्तियों में रूप समझे जाने चाहिए। प्राकृत में केवल दो ही वचन होते हैं - एकवचन तथा बहुवचन। अतः दो ही वचनों के संस्कृत-प्रत्यय-संकेतों को समझना आवश्यक है। ये प्रत्यय-संकेत निम्न प्रकार हैं-

विभक्ति	एकवचन के प्रत्यय	बहुवचन के प्रत्यय
प्रथमा	सु	जस्
द्वितीया	अम्	शस्
तृतीया	टा	भिस्
चतुर्थी	ङे	भ्यस्
पंचमी	ङसि	भ्यस्
षष्ठी	ङस्	आम्
सप्तमी	ङि	सुप्

* सन्धि के नियमों के लिए परिशिष्ट-2 देखें।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

इनमें से -

(1) **ङसि** और **ङि** के रूप हरि[1] की तरह चलेंगे। जैसे **'ङसि'** का सप्तमी एकवचन में **'ङसौ'** रूप बनेगा, तृतीया एकवचन में **'ङसिना'** रूप बनेगा। इसी प्रकार दूसरे रूप भी समझ लेने चाहिए।

(2) **अम्, जस्, शस्, भिस्, भ्यस्, आम्** और **सुप्** आदि के रूप हलन्त शब्द **भूभृत्**[2] की तरह चलेंगे। जैसे भिस् का सप्तमी एकवचन में रूप बनेगा **'भिसि'**, **'अम्'** का प्रथमा एकवचन में रूप बनेगा **'अम्'**, **'ङसि'** का षष्ठी एकवचन में रूप बनेगा **'ङसेः'**। इसी प्रकार दूसरे रूप भी समझ लेने चाहिए।

(3) **'टा'** के रूप **'गोपा'**[3] की तरह चलेंगे। जैसे **'टा'** का सप्तमी एकवचन में **'टि'** रूप बनेगा, षष्ठी एकवचन में **'टः'** रूप बनेगा, तृतीया एकवचन में **'टा'** बनेगा। इसी प्रकार दूसरे रूप बना लेने चाहिए।

(4) **उत्→उ, ओत्→ओ, एत्→ए, इत्→इ, आत्→आ** आदि हलन्त शब्दों के रूप भी **'भूभृत्'** की तरह चलेंगे। **'लुक्'** शब्द के रूप भी इसी प्रकार चलेंगे।

(5) इनके अतिरिक्त कुछ दूसरे शब्द सूत्रों में प्रयुक्त हुए हैं। उन शब्दों के रूप कहीं **'राम'**[4] की तरह, कहीं **'स्त्री'**[5] की तरह, कहीं **'गुरु'**[6] की तरह, कहीं **'मातृ'**[7] की तरह, कहीं **'राजन्'**[8] की तरह, कहीं **'आत्मन्'**[9] की तरह, कहीं **'पितृ'**[10] की तरह चलेंगे। इसी तरह शेष शब्दों के रूपों को **संस्कृत व्याकरण**[11] से समझ लेना चाहिए।

सूत्रों को पाँच सोपानों में समझाया गया है -

(1) सूत्रों में प्रयुक्त पदों का सन्धि विच्छेद किया गया है,

(2) सूत्रों में प्रयुक्त पदों की विभक्तियाँ लिखी गई हैं,

(3) सूत्रों का शब्दार्थ लिखा गया है,

(4) सूत्रों का पूरा अर्थ (प्रसंगानुसार) लिखा गया है तथा

(5) सूत्रों के प्रयोग लिखे गए हैं।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अगले पृष्ठों में संज्ञा, सर्वनाम एवं संख्यावाची शब्दों से सम्बन्धित सूत्र दिए गये हैं। इन सूत्रों से निम्नलिखित संज्ञा शब्द, सव्व आदि सर्वनाम शब्द और संख्यावाची शब्दों के रूप निर्मित हो सकेंगे-

(क) पुल्लिंग शब्द - देव, हरि, गामणी, साहु, सयंभू।

(ख) नपुंसकलिंग शब्द - कमल, वारि, महु।

(ग) स्त्रीलिंग शब्द - कहा, मइ, लच्छी, धेणु, बहू।

इन रूपों के अतिरिक्त कुछ दूसरे शब्द-रूपों को भी सूत्रों में समझाया गया है।

सूत्रों को समझाते समय कुछ गणितीय चिह्नों का प्रयोग किया गया है जिन्हें संकेत-सूची में समझाया गया है।

---

1. हरि शब्द

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	हरिः	हरी	हरयः
द्वितीया	हरिम्	हरी	हरीन्
तृतीया	हरिणा	हरिभ्याम्	हरिभिः
चतुर्थी	हरये	हरिभ्याम्	हरिभ्यः
पंचमी	हरेः	हरिभ्याम्	हरिभ्यः
षष्ठी	हरेः	हर्योः	हरीणाम्
सप्तमी	हरौ	हर्योः	हरिषु
संबोधन	हे हरे	हे हरी	हे हरयः

2. भूभृत् शब्द

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	भूभृत्	भूभृतौ	भूभृतः
द्वितीया	भूभृतम्	भूभृतौ	भूभृतः
तृतीया	भूभृता	भूभृद्भ्याम्	भूभृद्भिः
चतुर्थी	भूभृते	भूभृद्भ्याम्	भूभृद्भ्यः
पंचमी	भूभृतः	भूभृद्भ्याम्	भूभृद्भ्यः
षष्ठी	भूभृतः	भूभृतोः	भूभृताम्

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सप्तमी	भूभृति	भूभृतोः	भूभृत्सु
संबोधन	हे भूभृत्	हे भूभृतौ	हे भूभृतः

3. गोपा शब्द

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्रथमा	गोपाः	गोपौ	गोपाः
द्वितीया	गोपाम्	गोपौ	गोपः
तृतीया	गोपा	गोपाभ्याम्	गोपाभिः
चतुर्थी	गोपे	गोपाभ्याम्	गोपाभ्यः
पंचमी	गोपः	गोपाभ्याम्	गोपाभ्यः
षष्ठी	गोपः	गोपोः	गोपाम्
सप्तमी	गोपि	गोपोः	गोपासु
संबोधन	हे गोपाः	हे गोपौ	हे गोपाः

4. राम शब्द

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्रथमा	रामः	रामौ	रामाः
द्वितीया	रामम्	रामौ	रामान्
तृतीया	रामेण	रामाभ्याम्	रामैः
चतुर्थी	रामाय	रामाभ्याम्	रामेभ्यः
पंचमी	रामात्	रामाभ्याम्	रामेभ्यः
षष्ठी	रामस्य	रामयोः	रामाणाम्
सप्तमी	रामे	रामयोः	रामेषु
संबोधन	हे राम	हे रामौ	हे रामाः

5. स्त्री शब्द

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्रथमा	स्त्री	स्त्रियौ	स्त्रियः
द्वितीया	स्त्रियम्, स्त्रीम्	स्त्रियौ	स्त्रियः, स्त्रीः
तृतीया	स्त्रिया	स्त्रीभ्याम्	स्त्रीभिः

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

चतुर्थी	स्त्रियै	स्त्रीभ्याम्	स्त्रीभ्यः
पंचमी	स्त्रियाः	स्त्रीभ्याम्	स्त्रीभ्यः
षष्ठी	स्त्रियाः	स्त्रियोः	स्त्रीणाम्
सप्तमी	स्त्रियाम्	स्त्रियोः	स्त्रीषु
संबोधन	हे स्त्रि	हे स्त्रियौ	हे स्त्रियः

6. गुरु शब्द

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्रथमा	गुरुः	गुरू	गुरवः
द्वितीया	गुरुम्	गुरू	गुरून्
तृतीया	गुरुणा	गुरुभ्याम्	गुरुभिः
चतुर्थी	गुरवे	गुरुभ्याम्	गुरुभ्यः
पंचमी	गुरोः	गुरुभ्याम्	गुरुभ्यः
षष्ठी	गुरोः	गुर्वोः	गुरूणाम्
सप्तमी	गुरौ	गुर्वोः	गुरुषु
संबोधन	हे गुरो	हे गुरू	हे गुरवः

7. मातृ (माता)

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्रथमा	माता	मातरौ	मातरः
द्वितीया	मातरम्	मातरौ	मातृः
तृतीया	मात्रा	मातृभ्याम्	मातृभिः
चतुर्थी	मात्रे	मातृभ्याम्	मातृभ्यः
पंचमी	मातुः	मातृभ्याम्	मातृभ्यः
षष्ठी	मातुः	मात्रोः	मातृणाम्
सप्तमी	मातरि	मात्रोः	मातृषु
संबोधन	हे मातः	हे मातरौ	हे मातरः

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

8. राजन् (राजा)

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	राजा	राजानौ	राजानः
द्वितीया	राजानम्	राजानौ	राज्ञः
तृतीया	राज्ञा	राजभ्याम्	राजभिः
चतुर्थी	राज्ञे	राजभ्याम्	राजभ्यः
पंचमी	राज्ञः	राजभ्याम्	राजभ्यः
षष्ठी	राज्ञः	राज्ञोः	राज्ञाम्
सप्तमी	राज्ञि, राजनि	राज्ञोः	राजसु
संबोधन	हे राजन्	हे राजानौ	हे राजानः

9. आत्मन् (आत्मा)

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	आत्मा	आत्मानौ	आत्मानः
द्वितीया	आत्मानम्	आत्मानौ	आत्मनः
तृतीया	आत्मना	आत्मभ्याम्	आत्मभिः
चतुर्थी	आत्मने	आत्मभ्याम्	आत्मभ्यः
पंचमी	आत्मनः	आत्मभ्याम्	आत्मभ्यः
षष्ठी	आत्मनः	आत्मनोः	आत्मनाम्
सप्तमी	आत्मनि	आत्मनोः	आत्मसु
संबोधन	हे आत्मन्	हे आत्मनौ	हे आत्मानः

10. पितृ (पिता)

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	पिता	पितरौ	पितरः
द्वितीया	पितरम्	पितरौ	पितॄन्
तृतीया	पित्रा	पितृभ्याम्	पितृभिः
चतुर्थी	पित्रे	पितृभ्याम्	पितृभ्यः
पंचमी	पितुः	पितृभ्याम्	पितृभ्यः
षष्ठी	पितुः	पित्रोः	पितॄणाम्

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सप्तमी	पितरि	पित्रोः	पितृषु
संबोधन	हे पितः	हे पितरौ	हे पितरः

11. प्रौढ रचनानुवाद कौमुदी, डॉ. कपिलदेव द्विवेदी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

संकेत सूची

अ = अव्यय

• ( ) — इस प्रकार के कोष्ठक में मूलशब्द रखा गया है।

•{ ( ) + ( ) + ( ) .... }

इस प्रकार के कोष्ठक के अन्दर + चिह्न शब्दों में संधि का द्योतक है। यहां अन्दर के शब्दों में मूलशब्द ही रखे गये हैं।

•{ ( ) - ( ) - ( ) .... }

इस प्रकार के कोष्ठक के अन्दर '—' समास का द्योतक है।

• जहाँ कोष्ठक के बाहर केवल संख्या (जैसे 1/2, 2/1, ... आदि) ही लिखी हैं वहाँ उस कोष्ठक के अन्दर का शब्द 'संज्ञा' है।

1/1 — प्रथमा/एकवचन

1/2 — प्रथमा/द्विवचन

1/3 — प्रथमा/बहुवचन

2/1 — द्वितीया/एकवचन

2/2 — द्वितीया/द्विवचन

2/3 — द्वितीया/बहुवचन

3/1 — तृतीया/एकवचन

3/2 — तृतीया/द्विवचन

3/3 — तृतीया/बहुवचन

4/1 — चतुर्थी/एकवचन

4/2 — चतुर्थी/द्विवचन

4/3 — चतुर्थी/बहुवचन

5/1 — पंचमी/एकवचन

5/2 — पंचमी/द्विवचन

5/3 — पंचमी/बहुवचन

6/1 — षष्ठी/एकवचन

6/2 — षष्ठी/द्विवचन

6/3 — षष्ठी/बहुवचन

7/1 — सप्तमी/एकवचन

7/2 — सप्तमी/द्विवचन

7/3 — सप्तमी/बहुवचन

8/1 — संबोधन/एकवचन

8/2 — संबोधन/द्विवचन

8/3 — संबोधन/बहुवचन

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

संज्ञा-सर्वनाम-संख्यावाची शब्द-सूत्र

1. **अत ओत् सोः 5/1**

अत ओत् सोः { (अतः) + (ओत्) } सोः

अतः (अत्) 5/1 ओत् (ओत्) 1/1 सोः (सु) 6/1

अत् से परे सु के स्थान पर ओत्→**'ओ'** (होता है)।

अकारान्त पुल्लिंग शब्दों से परे सु (प्रथमा एकवचन के प्रत्यय) के स्थान पर **'ओ'** होता है।

(देव +सु) = (देव + ओ) ∽ **देवो (प्रथमा एकवचन)**

2. **जश्शसोर्लोपः 5/2**

जश्शसोर्लोपः { (जस्) + (शसोः) + (लोपः) } .

{ (जस्) - (शस्) 6/2 } लोपः (लोप) 1/1

जस् और शस् के स्थान पर **'लोप'** (होता है)।

अकारान्त पुल्लिंग शब्दों से परे जस् (प्रथमा बहुवचन के प्रत्यय) और शस् (द्वितीया बहुवचन के प्रत्यय) के स्थान पर **लोप** (शून्य प्रत्यय) होता है।

(देव + जस्) ∽ (देव + '0') ∽ **देवा[1] (प्रथमा बहुवचन)**

(देव + शस्) ∽ (देव + '0') ∽ **देवा[1] (द्वितीया बहुवचन)**

1. सूत्र 5/11 से मूलशब्द के अन्त्य 'अ' का 'आ' हुआ है।

3. **अतोऽमः 5/3**

अतोऽमः { (अतः) + (अमः) }

अतः (अत्) 6/1 अमः (अम्) 6/1

अम् के अत्→**'अ'** का (लोप होता है)।

अकारान्त पुल्लिंग शब्दों से परे अम् (द्वितीया एकवचन के प्रत्यय) के 'अ' का लोप होता है (और **'म्'** शेष रहता है)

(देव + अम्) ∽ (देव + म्) ∽ **देवं[1] (द्वितीया एकवचन)**

1. सूत्र 4/12 'मो बिन्दुः' से पदान्त **म्** को **अनुस्वार** हुआ है

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

4. **टामोर्णः 5/4**

टामोर्णः { (टा) + (आमोः) + (णः) }

{ (टा) - (आम्) 6/2 } णः (ण) 1/1

टा और आम् के स्थान पर **'ण'** (होता है)।

अकारान्त पुल्लिंग शब्दों से परे टा (तृतीया एकवचन के प्रत्यय) और आम् (षष्ठी बहुवचन के प्रत्यय) के स्थान पर **'ण'** होता है।

(देव + टा) = (देव + ण) = **देवेण**[1] **(तृतीया एकवचन)**

(देव + आम्) = (देव + ण) = **देवाण**[2] **(षष्ठी बहुवचन)**

1. सूत्र 5/12 से मूलशब्द के अन्त्य 'अ' का 'ए' हुआ है।
2. सूत्र 5/11 से मूलशब्द के अन्त्य 'अ' का 'आ' हुआ है।

5. **भिसो हिं 5/5**

भिसो हिं { (भिसः) + (हिं) }

भिसः (भिस्) 6/1 हिं (हिं) 1/1

भिस् के स्थान पर **'हिं'** (होता है)।

अकारान्त पुल्लिंग शब्दों से परे भिस् (तृतीया बहुवचन के प्रत्यय) के स्थान पर **'हिं'** होता है।

(देव + भिस्) = (देव + हिं) = **देवेहिं**[1] **(तृतीया बहुवचन)**

1. सूत्र 5/12 से मूलशब्द के अन्त्य 'अ' का 'ए' हुआ है।

6. **ङसेरादोदुहयः 5/6**

ङसेरादोदुहयः { (ङसेः) + (आ) + (दो) + (दु) + (हयः) }

ङसेः (ङसि) 6/1 { (आ) - (दो) - (दु) - (हि) 1/3 }

ङसि के स्थान पर **'आ'**, **'दो'**, **'दु'**, **'हि'** (होते हैं)।

अकारान्त पुल्लिंग शब्दों से परे ङसि (पंचमी एकवचन के प्रत्यय) के स्थान पर **'आ'**, **'दो'**, **'दु'**, **'हि'** होते हैं।

(देव + ङसि) = (देव + आ,दो,दु,हि) = **देवा, देवादो, देवादु देवाहि**[1] **(पंचमी एकवचन)**

1. सूत्र 5/11 से मूलशब्द के अन्त्य 'अ' का 'आ' हुआ है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

7. **भ्यसो हिन्तो सुन्तो 5/7**

भ्यसो हिन्तो सुन्तो { (भ्यसः) + (हिन्तो)} सुन्तो

भ्यसः (भ्यस्) 6/1 हिन्तो (हिन्तो) 1/1 सुन्तो (सुन्तो) 1/1

भ्यस् के स्थान पर **'हिन्तो', 'सुन्तो'** (होते हैं)।

अकारान्त पुल्लिंग शब्दों से परे भ्यस् (पंचमी बहुवचन के प्रत्यय) के स्थान पर **'हिन्तो', 'सुन्तो'** होते हैं।

(देव+भ्यस्) ∽ (देव + हिन्तो, सुन्तो) ∽ **देवाहिन्तो,देवासुन्तो,देवेहिन्तो,देवेसुन्तो**[1] **(पंचमी बहुवचन)**

1. सूत्र 5/12 से मूल शब्द के अन्त्य अ का 'आ' और 'ए' हुआ है।

8. **स्सो ङसः 5/8**

स्सो ङसः { (स्सः) + (ङसः)}

स्सः (स्स) 1/1 ङसः (ङस्) 6/1

ङस् के स्थान पर **'स्स'** (होता है)।

अकारान्त पुल्लिंग शब्दों से परे ङस् (षष्ठी एकवचन के प्रत्यय) के स्थान पर **'स्स'** होता है।

(देव + ङस्) ∽ (देव + स्स) ∽ **देवस्स (षष्ठी एकवचन)**

9. **ङेरेम्मी 5/9**

ङेरेम्मी { (ङेः) + (ए) + (म्मी) }

ङेः (ङि) 6/1 { (ए) - (म्मि) 1/2 }

ङि के स्थान पर **'ए'** और **'म्मि'** (होते हैं)।

अकारान्त पुल्लिंग शब्दों से परे ङि (सप्तमी एकवचन के प्रत्यय) के स्थान पर **'ए'** और **'म्मि'** होते हैं।

(देव + ङि) ∽ (देव + ए, म्मि) ∽ **देवे, देवम्मि (सप्तमी एकवचन)**

10. **सुपः सुः 5/10**

सुपः (सुप्) 6/1 सुः (सु) 1/1

सुप् के स्थान पर **'सु'** (होता है)।

अकारान्त पुल्लिंग शब्दों से परे सुप् (सप्तमी बहुवचन के प्रत्यय) के स्थान पर

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

'सु' होता है।

(देव + सुप्) = (देव + सु) = **देवेसु[1] (सप्तमी बहुवचन)**

1. सूत्र 5/12 से मूलशब्द के अन्त्य 'अ' का 'ए' हुआ है।

11. **जश्शसुङस्यांसु दीर्घः 5/11**

जश्शसुङस्यांसु दीर्घः { (जस्) + (शस्) + (ङसि) + (आंसु) } दीर्घः
{ (जस्) + (शस्) + (ङसि) + (आम्) 7/3 } दीर्घः (दीर्घ) 1/1
जस् , शस् , ङसि , आम् परे होने पर **'दीर्घ'** (होता है)।

अकारान्त पुल्लिंग शब्दों से परे 'जस्' (प्रथमा बहुवचन का प्रत्यय), 'शस्' (द्वितीया बहुवचन का प्रत्यय), 'ङसि' (पंचमी एकवचन का प्रत्यय), 'आम्' (षष्ठी बहुवचन का प्रत्यय) परे होने पर अन्त्य अ का 'दीर्घ' होता है।

(देव + जस्) = (देव + '0') = **देवा (प्रथमा बहुवचन)**
(देव + शस्) = (देव + '0') = **देवा (द्वितीया बहुवचन)**
(देव + ङसि) = (देव + आ,दो,दु,हि) = **देवा, देवादो, देवादु, देवाहि (पंचमी एकवचन)**
(देव + आम्) = (देव + ण) = **देवाण (षष्ठी बहुवचन)**

12. **ए च सुप्यङिङसोः 5/12**

ए च सुप्यङिङसोः ए च { (सुपि) + (अ) + (ङि) + (ङसोः) }
ए (ए) 1/1 च = और सुपि (सुप्) 7/1 अ = नहीं {(ङि) - (ङस्) 7/2}
सुप् परे होने पर **'ए'** (होता है) और (दीर्घ भी होता है) ङि, ङस् परे होने पर नहीं।

सुप् (सु से सुप् तक विभक्तिबोधक प्रत्यय) परे होने पर अकारान्त शब्दों के अन्तिम 'अ' के स्थान पर **'ए'** होता है और (5/11 से दीर्घ होने के पश्चात बचे हुए पंचमी बहुवचन में) दीर्घ भी होता है परन्तु ङि (सप्तमी एकवचन का प्रत्यय) और ङस् (षष्ठी एकवचन का प्रत्यय) परे होने पर एत्व या दीर्घ नहीं होता।

(देव + शस्) = (देव + '0') = **देवे (द्वितीया बहुवचन)**
(देव + टा) = (देव + ण) = **देवेण (तृतीया एकवचन)**
(देव + भिस्) = (देव + हिं) = **देवेहिं (तृतीया बहुवचन)**

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(देव+भ्यस्) = (देव + हिन्तो, सुन्तो) = **देवाहिन्तो,देवासुन्तो,देवेहिन्तो,देवेसुन्तो (पंचमी बहुवचन)**

(देव + सुप्) = (देव + सु) = **देवेसु (सप्तमी बहुवचन)**

(देव + ङस्) = (देव + स्स) = देवेस्स या देवास्स नहीं बनेगा।

(देव + ङि) = (देव + म्मि) = देवेम्मि या देवाम्मि नहीं बनेगा।

नोट - इस सूत्र में सु से सुप् तक की बात होने के बाद भी टीकाकारों ने उपर्युक्त विभक्तियों की ही चर्चा की है।

13. क्वचिद् ङसिङ्योर्लोपः 5/13

क्वचिद् ङसिङ्योर्लोपः { (क्वचित्) + (ङसि) + (ङ्योः) + (लोपः)}

क्वचित् = कभी-कभी { (ङसि) - (ङि) 7/2} लोपः (लोप) 1/1

ङसि और ङि परे होने पर कभी-कभी (उनका) लोप (होता है)।

अकारान्त शब्दों के बाद ङसि (पंचमी एकवचन का प्रत्यय) और ङि (सप्तमी एकवचन का प्रत्यय) परे होने पर कभी-कभी उनका लोप हो जाता है।

(देव + ङसि) = (देव + लोप) = देव (पंचमी एकवचन)

(देव + ङि) = (देव + लोप) = देव (सप्तमी एकवचन)

14. इदुतोः शसो णो 5/14

इदुतोः शसो णो { (इत्) + (उतोः) + (शसः) + (णो) }

{ (इत्) + (उत्) 6/2} शसः (शस्) 6/1 णो (णो) 1/1

इत्→इ, ईकारान्त, उत्→उ, ऊकारान्त के शस् के स्थान पर **'णो'** (होता है)।

इ, ईकारान्त और उ, ऊकारान्त पुल्लिंग शब्दों के शस् (द्वितीया बहुवचन के प्रत्यय) के स्थान पर **'णो'** होता है।

(हरि + शस्) = (हरि + णो) = **हरिणो (द्वितीया बहुवचन)**

(गामणी + शस्) = (गामणी + णो) = **गामणीणो (द्वितीया बहुवचन)**

(साहु + शस्) = (साहु + णो) = **साहुणो (द्वितीया बहुवचन)**

(सयंभू + शस्) = (सयंभू + णो) = **सयंभूणो (द्वितीया बहुवचन)**

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

15. ङसो वा 5/15

ङसो वा { (ङसः) + (वा) }

ङसः (ङस्) 6/1 वा = विकल्प से

ङस् के स्थान पर विकल्प से (**'णो'** होता है)।

इ, ईकारान्त और उ, ऊकारान्त पुल्लिंग शब्दों से परे ङस् (षष्ठी एकवचन के प्रत्यय) के स्थान पर विकल्प से **'णो'** होता है।

(हरि + ङस्) = (हरि + णो) = **हरिणो (षष्ठी एकवचन)**

(गामणी + ङस्) = (गामणी + णो) = **गामणीणो (षष्ठी एकवचन)**

(साहु + ङस्) = (साहु + णो) = **साहुणो (षष्ठी एकवचन)**

(सयंभू + ङस्) = (सयंभू + णो) = **सयंभूणो (षष्ठी एकवचन)**

16. जसश्च ओ यूत्वम् 5/16

जसश्च ओ यूत्वम् { (जसः) + (च) } ओ { (ई) + (ऊत्वम्) }

जसः (जस्) 6/1 च = और ओ (ओ) 1/1 {(ई) - (ऊत्व) 1/1}

जस् के स्थान पर **'ओ'** (होता है साथ ही अन्त्य स्वर) ई और ऊत्व→ऊ (होता है) और (णो भी होता है)।

इकारान्त और उकारान्त पुल्लिंग शब्दों से परे जस् (प्रथमा बहुवचन के प्रत्यय) के स्थान पर **'ओ'** होता है तथा शब्दों के अन्तिम इ और उ को ई और ऊ हो जाता है और **'णो'** प्रत्यय भी होता है।

(हरि + जस्) = (हरी + ओ) = **हरीओ (प्रथमा बहुवचन)**

(साहु + जस्) = (साहू + ओ) = **साहूओ (प्रथमा बहुवचन)**

(हरि + जस्) = (हरि + णो) = **हरिणो (प्रथमा बहुवचन)**

(साहु + जस्) = (साहु + णो) = **साहुणो (प्रथमा बहुवचन)**

17. टाणा 5/17

टाणा { (टा) - (णा) 1/1 }

टा के स्थान पर **'णा'** (होता है)।

इ, ईकारान्त और उ, ऊकारान्त पुल्लिंग शब्दों से परे टा (तृतीया एकवचन के प्रत्यय) के स्थान पर **'णा'** होता है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(हरि + टा) = (हरि + णा) = **हरिणा (तृतीया एकवचन)**
(गामणी + टा) = (गामणी + णा) = **गामणीणा (तृतीया एकवचन)**
(साहु + टा) = (साहु + णा) = **साहुणा (तृतीया एकवचन)**
(सयंभू + टा) = (सयंभू + णा) = **सयंभूणा (तृतीया एकवचन)**

18. सुभिस्सुप्सु दीर्घः 5/18

सुभिस्सुप्सु दीर्घः { (सु) - (भिस्) - (सुप्) 7/3 } दीर्घः (दीर्घ) 1/1
सु, भिस्, सुप् परे होने पर **'दीर्घ'** (होता है)।
इकारान्त और उकारान्त पुल्लिंग शब्दों में सु (प्रथमा एकवचन का प्रत्यय), भिस् (तृतीया बहुवचन का प्रत्यय) और सुप् (सप्तमी बहुवचन का प्रत्यय) परे होने पर अन्त्य इ और उ को **'दीर्घ'** होता है। (और दीर्घ दीर्घ ही रहता है)
(हरि + सु) = **हरी (प्रथमा एकवचन)** (सु का लोप होगा)[1]
(साहु + सु) = **साहू (प्रथमा एकवचन)** (सु का लोप होगा)[1]
(हरि + भिस्) = **हरीहिं (तृतीया बहुवचन)**
(साहु + भिस्) = **साहूहिं (तृतीया बहुवचन)**
(सूत्र 6/60 और 5/5 से भिस् = हिं होगा)
(हरि + सुप्) = **हरीसु (सप्तमी बहुवचन)**
(साहु + सुप्) = **साहूसु (सप्तमी बहुवचन)**
(सूत्र 6/60 और 5/10 से सुप् = सु होगा)
1. मनोरमा टीका के आधार पर

नोट - सुबोधिनी टीका के आधार पर इकारान्त और उकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों में भी इन्हीं प्रत्ययों का प्रयोग होगा। गामणी और सयंभू के रूप इसी सूत्र के आधार से बना लेने चाहिये।

19. स्त्रियां शस उदोतौ 5/19

स्त्रियां शस उदोतौ { (स्त्रियाम्) + (शसः) + (उत्) + (ओतौ) }
स्त्रियाम् (स्त्री) 7/1 शसः (शस्) 6/1 { (उत्) - (ओत्) 1/2 }
स्त्रीलिंग में शस् के स्थान पर उत्→**'उ'** और ओत्→**'ओ'** (होते हैं)।
स्त्रीलिंग शब्दों में शस् (द्वितीया बहुवचन के प्रत्यय) के स्थान पर उत्→**'उ'** और ओत्→**'ओ'** (होते हैं)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(कहा+शस्) ≃ (कहा + उ, ओ) ≃ **कहाउ, कहाओ (द्वितीया बहुवचन)**
(मइ+शस्) ≃ (मइ + उ, ओ) ≃ **मइउ, मइओ (द्वितीया बहुवचन)**
(लच्छी+शस्)≃ (लच्छी+उ, ओ) ≃ **लच्छीउ, लच्छीओ (द्वितीया बहुवचन)**
(धेणु+शस्) ≃ (धेणु+उ, ओ) ≃ **धेणुउ, धेणुओ (द्वितीया बहुवचन)**
(बहू+शस्) ≃ (बहू + उ, ओ) ≃ **बहूउ, बहूओ (द्वितीया बहुवचन)**

20. जसो वा 5/20

जसो वा { (जसः) + (वा) }
जसः (जस्) 6/1 वा ≃ विकल्प से
जस् के स्थान पर विकल्प से (**'उ'** और **'ओ'** होते हैं)।
स्त्रीलिंग शब्दों में जस् (प्रथमा बहुवचन के प्रत्यय) के स्थान पर विकल्प से **'उ'** और **'ओ'** होते हैं।
(कहा+जस्) ≃ (कहा+ उ, ओ) ≃ **कहाउ, कहाओ (प्रथमा बहुवचन)**
(मइ+जस्) ≃ (मइ + उ, ओ) ≃ **मइउ, मइओ (प्रथमा बहुवचन)**
(लच्छी+जस्) ≃ (लच्छी+उ, ओ) ≃ **लच्छीउ, लच्छीओ (प्रथमा बहुवचन)**
(धेणु+जस्) ≃ (धेणु + उ, ओ) ≃ **धेणुउ, धेणुओ (प्रथमा बहुवचन)**
(बहू+जस्) ≃ (बहू + उ, ओ) ≃ **बहूउ, बहूओ (प्रथमा बहुवचन)**

नोटः अदन्तवत् (6/60) सूत्र के अनुसार विकल्प से 'कहा', 'मइ', 'लच्छी', 'धेणू', 'बहू', रूप भी बनेंगे।

21. अमि ह्रस्वः 5/21

अमि (अम्) 7/1 ह्रस्वः (ह्रस्व) 1/1
अम् परे होने पर **'ह्रस्व'** (होता है)।
स्त्रीलिंग शब्दों में अम् (द्वितीया एकवचन का प्रत्यय) परे होने पर (दीर्घ का) **'ह्रस्व'** होता है (और ह्रस्व स्वर ह्रस्व ही रहता है)।
(कहा + अम्) ≃ (कह + अम्) ≃ **कहं*** **(द्वितीया एकवचन)**
(मइ + अम्) ≃ (मइ + अम्) ≃ **मइं*** **(द्वितीया एकवचन)**
(लच्छी + अम्) ≃ (लच्छि + अम्) ≃ **लच्छिं*** **(द्वितीया एकवचन)**
(धेणु + अम्) ≃ (धेणु + अम्) ≃ **धेणुं*** **(द्वितीया एकवचन)**

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(बहू + अम्) = (बहु + अम्) = **बहुं*** **(द्वितीया एकवचन)**

* सूत्र 5/3 से अम् के अ का लोप और 4/12 से पदान्त म् का अनुस्वार हुआ है।

22. **टाङस्ङीनामिदेददातः 5/22**

टाङस्ङीनामिदेददातः {(टा) + (ङस्) + (ङीनाम्) + (इत्) + (एत्) + (अत्) + (आतः) }

{ (टा) - (ङस्) - (ङि) 6/3 } { (इत्) - (एत्) - (अत्) - (आत्)1/3}

टा, ङस् और ङि के स्थान पर इत्→**'इ'**, एत्→**'ए'** ,अत् →**'अ'**, आत्→**'आ'** (होते हैं)।

स्त्रीलिंग शब्दों में टा (तृतीया एकवचन का प्रत्यय) , ङस् (षष्ठी एकवचन का प्रत्यय) और ङि (सप्तमी एकवचन का प्रत्यय) के स्थान पर इत्→ **'इ'**, एत्→**'ए'** ,अत्→**'अ'**, आत्→**'आ'** होते हैं ।

तृतीया एकवचन

(कहा + टा) = (कहा+इ, ए)[1] = **कहाइ, कहाए**

(मइ + टा) = (मइ+अ, आ, इ, ए) = **मइअ, मइआ, मइइ, मइए**

(लच्छी + टा) = (लच्छी+अ, आ, इ, ए) = **लच्छीअ, लच्छीआ, लच्छीइ, लच्छीए**

(धेणु+टा) = (धेणु+अ, आ, इ, ए) = **धेणुअ, धेणुआ, धेणुइ, धेणुए**

(बहू+टा) = (बहू+अ, आ, इ, ए) = **बहूअ, बहूआ, बहूइ, बहूए**

षष्ठी एकवचन

(कहा + ङस्) = (कहा + इ, ए)[1] = **कहाइ, कहाए**

(मइ + ङस्) = (मइ + अ, आ, इ, ए) = **मइअ, मइआ, मइइ, मइए**

(लच्छी+ङस्) = (लच्छी +अ, आ, इ, ए) = **लच्छीअ, लच्छीआ, लच्छीइ, लच्छीए**

(धेणु+ङस्) = (धेणु + अ, आ, इ, ए) = **धेणुअ, धेणुआ, धेणुइ, धेणुए**

(बहू + ङस्) = (बहू + अ, आ, इ, ए) = **बहूअ, बहूआ, बहूइ, बहूए**

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सप्तमी एकवचन

(कहा + ङि) = (कहा + इ, ए)[1] = **कहाइ, कहाए**

(मइ + ङि) = (मइ + अ, आ, इ, ए) = **मइअ, मइआ, मइइ, मइए**

(लच्छी + ङि) = (लच्छी+अ, आ, इ, ए) = **लच्छीअ, लच्छीआ, लच्छीइ, लच्छीए**

(धेणु+ङि) = (धेणु + अ, आ, इ, ए) = **धेणुअ, धेणुआ, धेणुइ, धेणुए**

(बहू + ङि) = (बहू + अ, आ, इ, ए) = **बहूअ, बहूआ, बहूइ, बहूए**

1. आकारान्त शब्द में अ और आ प्रत्यय नहीं लगेंगे (सूत्र 5/23)

23. नातोऽदातौ 5/23

नातोऽदातौ { (न) + (आतः) + (अत्) + (आतौ) }

न = नहीं आतः (आत्) 5/1 { (अत्) - (आत्) 1/2}

आकारान्त से परे अत्→**'अ'** और आत्→**'आ'** नहीं (होते)।

आकारान्त से परे टा (तृतीया एकवचन का प्रत्यय) , ङस् (षष्ठी एकवचन का प्रत्यय) और ङि (सप्तमी एकवचन का प्रत्यय) के स्थान पर अत्→**'अ'**, आत्→**'आ'** प्रत्यय नहीं होते।

कहाअ और कहाआ (तृतीया एकवचन में नहीं बनते)

कहाअ और कहाआ (षष्ठी एकवचन में नहीं बनते)

कहाअ और कहाआ (सप्तमी एकवचन में नहीं बनते)

24. आदीतौ बहुलम् 5/24

आदीतौ बहुलम् { (आत्) + (ईतौ) } बहुलम्

{ (आत्) - (ईत्) 1/2 } बहुलम् (बहुल) 1/1

(आकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों में अन्त्य आ के स्थान पर) आ और ई अधिकतर (होते हैं)।

आकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों में अन्त्य आ के स्थान पर आ और ई अधिकतर होते हैं।

(हलद्दा, हलद्दी, सुप्पणहा, सुप्पणही)[1]

1. मनोरमा, संजीवनी टीका।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

25. न नपुंसके[1] 5/25

न = नहीं नपुंसके (नपुंसक) 7/1

नपुंसकलिंग में नहीं (होता)।

इकारान्त और उकारान्त नपुंसकलिंग शब्दों के बाद 'सु' (प्रथमा एकवचन का प्रत्यय) होने पर मूलशब्द के अन्तिम स्वर को (पुल्लिंग शब्दों के समान) **दीर्घ** नहीं होता। (यह सूत्र 5/18 का निषेध सूत्र है)

(वारि + सु) = वारी नहीं बनेगा।

(महु + सु) = महू नहीं बनेगा।

1. टीकाकारों के अनुसार यह सूत्र केवल 'सु' (प्रथमा एकवचन का प्रत्यय) के लिए ही है।

26. इं जश्शसोदीर्घः 5/26

इं जश्शसोदीर्घः इं { (जस्) + (शसः) + (दीर्घः) }

इं (इं) 1/1 { (जस्) - (शस्) 6/1 } दीर्घः (दीर्घ) 1/1

जस् और शस् के स्थान पर **'इं'** (होता है) (और) दीर्घ (भी होता है)।

नपुंसकलिंग शब्दों में जस् (प्रथमा बहुवचन के प्रत्यय), शस् (द्वितीया बहुवचन के प्रत्यय) के स्थान पर **'इं'** होता है और साथ ही अन्त्य स्वर **'दीर्घ'** होता है।

(कमल + जस्) = (कमल + इं) = **कमलाइं (प्रथमा बहुवचन)**

(वारि + जस्) = (वारि + इं) = **वारीइं (प्रथमा बहुवचन)**

(महु + जस्) = (महु + इं) = **महूइं (प्रथमा बहुवचन)**

(कमल + शस्) = (कमल + इं) = **कमलाइं (द्वितीया बहुवचन)**

(वारि + शस्) = (वारि + इं) = **वारीइं (द्वितीया बहुवचन)**

(महु + शस्) = (महु + इं) = **महूइं (द्वितीया बहुवचन)**

27. नामन्त्रणे सावोत्वदीर्घबिन्दवः 5/27

नामन्त्रणे सावोत्वदीर्घबिन्दवः { (न) + (आमन्त्रणे) } { (सौ) + (ओत्व) + (दीर्घ) + (बिन्दवः) }

न = नहीं आमन्त्रणे (आमन्त्रण) 7/1 सौ (सु) 7/1 {(ओत्व) - (दीर्घ) - (बिन्दु) 1/3 }

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

आमन्त्रण (अर्थ) में सु (प्रथमा एकवचन का प्रत्यय) परे होने पर **'ओत्व'**, **'दीर्घ'**, **'बिन्दु'** नहीं (होते)।

आमन्त्रण (सम्बोधन अर्थ) में सु (प्रथमा एकवचन का प्रत्यय) परे होने पर ओत्व→**ओ** (अकारान्त पुल्लिंग एकवचन में लगनेवाला प्रत्यय), दीर्घ (इकारान्त शब्दों में प्रयुक्त एकवचन का प्रत्यय) और **बिन्दु** (नपुंसकलिंग शब्दों में प्रयुक्त एकवचन का प्रत्यय) **नहीं** होते।

(देव + सु) = हे देव (हे देवो नहीं बनेगा)
(हरि + सु) = हे हरि (हे हरी नहीं बनेगा)
(कमल + सु) = हे कमल (हे कमलं नहीं बनेगा)

नोटः इसी सूत्र के आधार से इकारान्त, उकारान्त पु., नपुं, स्त्री. शब्दों के रूपों को भी समझना चाहिए।

28. स्त्रियामात एत् 5/28

स्त्रियामात एत् { (स्त्रियाम्) + (आतः) + (एत्) }
स्त्रियाम् (स्त्री) 7/1 आतः (आत्) 6/1 एत् (एत्) 1/1
स्त्रीलिंग में आत्→**'आ'** के स्थान पर एत्→**'ए'** (हो जाता है)।

स्त्रीलिंग सम्बोधन एकवचन में आकारान्त शब्द के आत्→**'आ'** के स्थान पर एत्→**'ए'** हो जाता है।

(कहा + सु) = (कहा + ए) = **हे कहे (सम्बोधन एकवचन)**

29. ईदूतोर्ह्रस्वः 5/29

ईदूतोर्ह्रस्वः { (ईत्) + (ऊतोः) + (ह्रस्वः)}
{ (ईत्) + (ऊत्) 6/2 } ह्रस्वः (ह्रस्व) 1/1
ईत् →**ई** और ऊत् →**ऊ** के स्थान पर ह्रस्व (इ, उ होता है)।

सम्बोधन एकवचन में ईकारान्त तथा ऊकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों के स्थान पर ह्रस्व इ और उ हो जाता है।

(लच्छी + सु) = **हे लच्छि (सम्बोधन एकवचन)** (सु का लोप होगा)[1]
(बहू + सु) = **हे बहु (सम्बोधन एकवचन)** (सु का लोप होगा)[1]

1. मनोरमा, संजीवनी टीका के आधार पर।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

30. सोर्बिन्दुर्नपुंसके 5/30

सोर्बिन्दुर्नपुंसके { (सोः) + (बिन्दुः) + (नपुंसके) }

सोः (सु) 6/1 बिन्दुः (बिन्दु) 1/1 नपुंसके (नपुंसक) 7/1

नपुंसकलिंग में 'सु' के स्थान पर **'बिन्दु'** (होता है)।

अकारान्त, इकारान्त, उकारान्त नपुंसकलिंग शब्दों में 'सु' (प्रथमा एकवचन का प्रत्यय) के स्थान पर बिन्दु 'अनुस्वार' (ं) होता है।

(कमल + सु) = (कमल + ं) = **कमलं (प्रथमा एकवचन)**

(वारि + सु) = (वारि + ं) = **वारिं (प्रथमा एकवचन)**

(महु + सु) = (महु + ं) = **महुं (प्रथमा एकवचन)**

31. ऋत आरः सुपि 5/31

ऋत आरः सुपि { (ऋतः) + (आरः) } सुपि

ऋतः (ऋत्) 6/1 आरः (आर) 1/1 सुपि (सुप्) 7/1

सुप् परे होने पर ऋत् →ऋ के स्थान पर **'आर'** (हो जाता है)।

सुप् (प्रथमा से सप्तमी तक के विभक्तिबोधक प्रत्यय) परे होने पर ऋकारान्त शब्दों के **'ऋ'** के स्थान पर **'आर'** हो जाता है।

भर्तृ →भत्तार

भत्तार शब्द में अकारान्त शब्द के समान ही सभी विभक्तिबोधक प्रत्यय लग जाएंगे[1]

32. मातुरात् 5/32

मातुरात् { (मातुः) + (आत्) }

मातुः (मातृ) 6/1 आत् (आत्) 1/1

मातृ के (ऋ के स्थान पर) आत्→**आ** (होता है)।

सुप् (प्रथमा से सप्तमी तक के विभक्तिबोधक प्रत्यय) परे होने पर मातृ के ऋ के स्थान पर आत् →**आ** होता है।

मातृ →माता→माआ

माआ शब्द में आकारान्त शब्द के समान ही सभी विभक्तिबोधक प्रत्यय लग जाएंगे[1]

1. मनोरमा, संजीवनी टीका के आधार पर।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

33. उर्जस् - शस् - टा - ङस् - सुप्सु वा 5/33

उर्जस्-शस्-टा-ङस्-सुप्सु वा { (उः) + (जस्) }

उः (उ) 1/1 {(जस्) - (शस्) - (टा) - (ङस्) - (सुप्) 7/3}

वा = विकल्प से

जस्, शस्, टा, ङस्, सुप् परे होने पर (ऋ के स्थान पर) विकल्प से **'उ'** होता है। **जस्** (प्रथमा बहुवचन का प्रत्यय), **शस्** (द्वितीया बहुवचन का प्रत्यय), **टा** (तृतीया एकवचन का प्रत्यय), **ङस्** (षष्ठी एकवचन का प्रत्यय), **सुप्** (सप्तमी बहुवचन का प्रत्यय) परे होने पर ऋकारान्त शब्दों के **ऋ** के स्थान पर **उ** होता है अर्थात् इन विभक्ति, वचनों में ऋकारान्त शब्द के रूप विकल्प से उकारान्त शब्दों की तरह चलते हैं।

भर्तृ → भत्तु [1]

(भत्तु + जस्) = (भत्तु + णो) = **भत्तुणो (प्रथमा बहुवचन)** (सूत्र = 5/16)

(भत्तु+ शस्) = (भत्तु + णो) = **भत्तुणो (द्वितीया बहुवचन)** (सूत्र = 5/14)

(भत्तु + टा) = (भत्तु + णा) = **भत्तुणा (तृतीया एकवचन)** (सूत्र = 5/17)

(भत्तु + ङस्) = (भत्तु + णो) = **भत्तुणो (षष्ठी एकवचन)** (सूत्र = 5/15)

(भत्तु+सुप्) = (भत्तु+सु) = **भत्तूसु (सप्तमी बहुवचन)** (सूत्र = 5/18, 5/10)

34. पितृभ्रातृजामातृणामरः 5/34

पितृभ्रातृजामातृणामरः { (पितृभ्रातृजामातृणाम्) + (अरः) }

{ (पितृ) - (भ्रातृ) - (जामातृ) 6/3 } अरः (अर) 1/1

पितृ, भ्रातृ, जामातृ के (ऋ के स्थान पर) **'अर'** (होता है)।

सुप् (प्रथमा से सप्तमी तक के विभक्तिबोधक प्रत्यय) परे होने पर पितृ, भ्रातृ, जामातृ के (ऋ के स्थान पर) **'अर'** होता है।

पितृ→पितर→पिअर[1]

भ्रातृ→भाअर[1]

जामातृ →जामाअर[1]

इन शब्दों के रूप सभी विभक्तियों में अकारान्त शब्दों की तरह चलेंगे[2]

1. देखें पाइअसद्दमहण्णवो।
2. मनोरमा, संजीवनी टीका के आधार पर।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

35. आ च सौ 5/35

आ (आ) 1/1 च = और सौ (सु) 7/1

सु परे होने पर **'आ'** और ('अर' होता है)।

पितृ, भ्रातृ, जामातृ शब्दों के सु (प्रथमा एकवचन का प्रत्यय) परे होने पर ऋ के स्थान पर **'आ'** और **'अर'** होते हैं।

पितृ →पिता →पिआ, पितरो →पिअरो (प्रथमा एकवचन)

भ्रातृ →भाता→भाआ, भातरो →भाअरो (प्रथमा एकवचन)

जामातृ →जामाता→जामाआ, जामातरो→जामाअरो (प्रथमा एकवचन)

36. राज्ञः 5/36

राज्ञः (राजन्) 6/1

राजन् शब्द के (सु परे होने पर 'आ' होता है)।

राजन्→राअ/राय[1] शब्द के सु (प्रथमा एकवचन का प्रत्यय) परे होने पर **'आ'** होता है।

राआ/राया (प्रथमा एकवचन)

1. राजन्→राज (अन्त्यहलः 3/6 से अन्तिम हल के लोप की अनुवृत्ति)

राज→राअ (कगचजतदपयवां प्रायो लोपः 2/2)

राअ/राय (प्राकृत में अ ध्वनि य में भी बदल जाती है)

37. आमन्त्रणे वा बिन्दुः 5/37

आमन्त्रणे (आमन्त्रण) 7/1 वा = विकल्प से बिन्दुः (बिन्दु) 1/1

आमन्त्रण में विकल्प से बिन्दु (होता है)।

राजन्→राअ शब्द के आमन्त्रण (संबोधन में) विकल्प से बिन्दु '' (होता है)

राअं /रायं(संबोधन एकवचन)

38. जस् - शस् - ङसां णो 5/38

जस्-शस्-ङसां णो { (ङसाम्) + (णो) }

{ (जस्-शस्-ङस्) 6/3 } णो (णो) 1/1

जस्, शस्, ङस् के स्थान पर **'णो'** (होता है)।

राजन्→राअ शब्द के जस् (प्रथमा बहुवचन के प्रत्यय), शस् (द्वितीया

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

बहुवचन के प्रत्यय), ङस् (षष्ठी एकवचन के प्रत्यय) के स्थान पर **'णो'** होता है।

(राअ + जस्) = (राअ + णो) = **राआणो[1] (प्रथमा बहुवचन)**

(राअ + शस्) = (राअ + णो) = **राआणो[1] (द्वितीया बहुवचन)**

(राअ + ङस्) = (राअ + णो) = **राइणो[2] (षष्ठी एकवचन)**

1. सूत्र 5/44 से राअ → राआ हुआ है।
2. सूत्र 5/43 से राअ → राइ हुआ है।

39. शस एत् 5/39

शस एत् { (शसः) + (एत्) }

शसः (शस्) 6/1 एत् (एत्) 1/1

शस् के स्थान पर एत् → 'ए' (होता है)।

राजन् →राअ शब्द के शस् (द्वितीया बहुवचन के प्रत्यय) के स्थान पर एत् →**'ए'** होता है।

(राअ + शस्) = (राअ + ए) = **राए (द्वितीया बहुवचन)**

40. आमो णं 5/40

आमो णं { (आमः) + (णं) }

आमः (आम्) 6/1 णं (णं) 1/1

आम् के स्थान पर **'णं'** (होता है)।

राजन् →राअ शब्द के आम् (षष्ठी बहुवचन के प्रत्यय) के स्थान पर **'णं'** (होता है)।

(राअ + आम्) = (राअ + णं) = **राआणं[1] (षष्ठी बहुवचन)**

1. सूत्र 5/44 से राअ→राआ हुआ है।

41. टाणा 5/41

टाणा { (टा) - (णा) 1/1 }

टा के स्थान पर **'णा'** (होता है)।

राजन्→राअ शब्द के टा (तृतीया एकवचन के प्रत्यय) के स्थान पर 'णा' होता है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(राअ + टा) = (राअ + णा) = **राइणा**[1] **(तृतीया एकवचन)**
1. सूत्र 5/43 से **राअ→राइ** हुआ है।

42. ङसश्च द्वित्वं वान्त्यलोपश्च 5/42

ङसश्च द्वित्वं वान्त्यलोपश्च {(ङसः) + (च)} {(द्वित्वम्)+(वा) +(अन्त्य) +(लोपः)+(च)}
ङसः (ङस्) 6/1 च = और द्वित्वम् (द्वित्व) 1/1 वा = विकल्प से { (अन्त्य) - (लोप) 1/1} च = और
ङस् का और (टा का) विकल्प से द्वित्व (होता है) और अन्त्य वर्ण का लोप (भी होता है)।
राजन् →राअ शब्द के ङस् (षष्ठी एकवचन) के **'णो'** और **टा** (तृतीया एकवचन) के **'णा'** का विकल्प से द्वित्व होता है और अन्त्य वर्ण का लोप भी होता है।
(राअ + ङस्) = (राअ + णो) = **रण्णो (षष्ठी एकवचन)**
(राअ + टा) = (राअ + णा) = **रण्णा (तृतीया एकवचन)**

43. इदद्वित्वे 5/43

इदद्वित्वे { (इत्) + (अ) + (द्वित्वे) }
इत् (इत्) 1/1 अ = नहीं द्वित्वे (द्वित्व) 7/1
द्वित्व नहीं होने पर इत्→ इ (होता है)।
राजन् →राअ शब्द के ङस् (षष्ठी एकवचन का प्रत्यय) और टा (तृतीया एकवचन का प्रत्यय) को द्वित्व न होने की स्थिति में अन्त्य वर्ण को इत्→इ होता है।
(राअ + ङस्) = (राअ + णो) = **राइणो**[1] **(षष्ठी एकवचन)**
(राअ + टा) = (राअ + णा) = **राइणा**[2] **(तृतीया एकवचन)**
1. सूत्र 5/38 से ङस् = णो हुआ है।
2. सूत्र 5/41 से टा = णा हुआ है।

44. आ णोणमोरङसि 5/44

आ णोणमोरङसि आ { (णो) + (णमोः) + (अ) + (ङसि) }

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

आ (आ) 1/1 { (णो) - (णम्) 7/2 } अ = नहीं ङसि (ङस्) 7/1
णो और णम् परे होने पर **'आ'** (होता है) ङस् में नहीं।

राजन् → राअ शब्द के णो (प्रथमा और द्वितीया बहुवचन का प्रत्यय) और णम् → णं (षष्ठी बहुवचन का प्रत्यय) परे होने पर अन्त्य अक्षर को 'आ' होता है परन्तु ङस् (षष्ठी एकवचन) में 'णो' प्रत्यय होने पर आ नहीं होता।

(राअ + जस्) = (राअ + णो) = **राआणो (प्रथमा बहुवचन)**
(राअ + शस्) = (राअ + णो) = **राआणो (द्वितीया बहुवचन)**
(राअ + आम्) = (राअ + णं) = **राआणं (षष्ठी बहुवचन)**
(राअ + ङस्) = (राअ + णो) = **राआणो नहीं बनेगा**

45. आत्मनोऽप्पाणो वा 5/45

आत्मनोऽप्पाणो { (आत्मनः) + (अप्पाणः) + (वा) }
आत्मनः (आत्मन्) 6/1 अप्पाणः (अप्पाण) 1/1 वा = विकल्प से
आत्मन् के स्थान पर विकल्प से अप्पाण भी (होता है)।

सुप् (सु से सुप् तक के विभक्तिबोधक प्रत्यय) परे होने पर आत्मन् **→अप्प** के स्थान पर विकल्प से अप्पाण भी (होता है)।

इस शब्द के रूप सभी विभक्तियों में अकारान्त शब्द की तरह चलेंगे।

46. इत्वद्वित्ववर्जं राजवदनादेशे 5/46

इत्वद्वित्ववर्जं राजवदनादेशे { (राजवत्) + (अन्) + (आदेशे) }
{ (इत्व) - (द्वित्व) - वर्जं = सिवाय}[1] राजवत् = राजन् के समान
अन् = नहीं आदेशे (आदेश) 7/1

इत्व, द्वित्व के सिवाय राजन् →राअ के समान (रूप) (चलेंगे) आदेश में नहीं।

इत्व (राइणा सूत्र-5/43) द्वित्व (रण्णा सूत्र-5/42) के सिवाय आत्मन्→अप्प के रूप राजन→राअ के समान चलेंगे आदेश में नहीं। अर्थात अप्पाण आदेश होने पर रूप 'देव' के समान चलेंगे।

1. समास के अन्त में वर्जं 'सिवाय' के अर्थ में प्रयुक्त होता है। देखें संस्कृत हिन्दी कोश, वामन शिवराम आप्टे।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सर्वनाम सूत्र

47. सर्वादेर्जस एत्वम् 6/1

सर्वादेर्जस एत्वम् { (सर्व) + (आदेः) + (जसः) + (एत्वम्) }

{ (सर्व) - (आदि) 5/1 } जसः (जस्) 6/1 एत्वम् (एत्व) 1 /1

सर्व → सव्व आदि से परे जस् के स्थान पर एत्व → **'ए'** (होता है)।

सर्व → सव्व आदि सर्वनामों से परे जस् (प्रथमा बहुवचन के प्रत्यय) के स्थान पर **'ए'** होता है।

(सव्व + जस्) = (सव्व + ए) = **सव्वे** **(प्रथमा बहुवचन)**

(त + जस्) = (त + ए) = **ते** **(प्रथमा बहुवचन)**

(ज + जस्) = (ज + ए) = **जे** **(प्रथमा बहुवचन)**

(एत + जस्) = (एत + ए) = **एते** **(प्रथमा बहुवचन)**

(इम + जस्) = (इम + ए) = **इमे** **(प्रथमा बहुवचन)**

48. **ङेः स्सिंम्मित्थाः 6/2**

ङेः (ङि) 6/1 { (स्सिं) - (म्मि) - (त्थ) 1/3 }

ङि के स्थान पर **'स्सिं', 'म्मि'** और **'त्थ'** (होते हैं)।

सर्व → सव्व आदि सर्वनामों से परे ङि (सप्तमी एकवचन के प्रत्यय) के स्थान पर **'स्सिं'** , **'म्मि'** और **'त्थ'** होते हैं।

सप्तमी एकवचन

(सव्व + ङि) = (सव्व +स्सिं, म्मि, त्थ) = **सव्वस्सिं, सव्वम्मि, सव्वत्थ**

(त + ङि) = (त + स्सिं, म्मि, त्थ) = **तस्सिं, तम्मि, तत्थ**

(ज + ङि) = (ज + स्सिं, म्मि, त्थ) = **जस्सिं, जम्मि, जत्थ**

(एत + ङि) = (एत + स्सिं, म्मि, त्थ) = **एतस्सिं, एतम्मि, एत्थ**[1]

(इम + ङि) = (इम + स्सिं, म्मि)[2] = **इमस्सिं, इमम्मि**

1. सूत्र 6/21 से एतत्थ के त का लोप होकर **एत्थ** बनेगा।

2. सूत्र 6/17 से इमत्थ नहीं बनेगा।

49. **इदमेतद्किंयत्तद्भ्यः टाइणा वा 6/3**

इदमेतद्किंयत्तद्भ्यः टाइणा वा { (इदम्) + (एतत्) + (किं) + (यत्) +

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(तद्भ्यः) } टाइणा वा

{ (इदम्) - (एतत्) - (किं) - (यत्) - (तत्) 5/3 } {(टा)-(इणा) 1/1}

वा = विकल्प से

इदम्, एतत्, किं, यत्, तत् से परे टा के स्थान पर विकल्प से **'इणा'** (होता है)।

इदम् →इम, एतत् →एत, किं →क , यत् →ज, तत् →त से परे टा (तृतीया एकवचन के प्रत्यय) के स्थान पर विकल्प से **'इणा'** होता है।

(इम + टा) = (इम + इणा) = **इमिणा (तृतीया एकवचन)**
(एत + टा) = (एत + इणा) = **एतिणा (तृतीया एकवचन)**
(क + टा) = (क + इणा) = **किणा (तृतीया एकवचन)**
(ज + टा) = (ज + इणा) = **जिणा (तृतीया एकवचन)**
(त + टा) = (त + इणा) = **तिणा (तृतीया एकवचन)**

50. आम एसिं 6/4

आम एसिं { (आमः) + (एसिं) }

